<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>

दिनांक–15.10.2024 समय–7.10एएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री आज विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांगेस का नई दिल्ली में करेंगे उद्घाटन।
- इंदौर को चार फ्लाइ ओव्हर्स की सौगात। मुख्यमंत्री ने कहा– यातायात सुगमता के लिए प्रयास रहेंगे जारी।
- पांचवे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में इंदौर जिले को वेस्टन झोन में सर्वश्रेष्ठ जिले का मिला पुरस्कार।
- आइसीसी महिला टी20 विश्वकप से भारत हुआ बाहर। पाकिस्तान को हराकर न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में।

<u>प्रधानमंत्री–आईटीयू</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ–आईटीयू के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन–डब्ल्यूटीएसए–2024 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र डिजिटल प्रौद्योगिकी एजेंसी के अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के मानक कार्य का शासी सम्मेलन है। इसका आयोजन प्रत्येक चार वर्षों में किया जाता है। आईटीयू के इतिहास में यह पहली बार होगा जब यह प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रम भारत और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में हो रहा है। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है जो दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 190 से अधिक देशों के तीन हजार से अधिक उद्योगपतियों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक साथ एक मंच पर लेकर आएगा।

<u>इंदौर फ्लाय ओव्हर्स</u>

इंदौर में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगभग 222.25 करोड़ रुपये लागत के 4 फ्लाय–ओवर का लोकार्पण किया। यह पहली बार हो रहा है जब इंदौर में एक ही दिन में एक साथ 4 फ्लाय–ओवर का लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूटी कोठी स्थित संत सेवालाल चौराहा, सहित भंवरकुंआ, खजराना और लवकुश चौराहे के फ्लाय–ओवर का लोकार्पण किया। चारों फ्लाय–ओवर इंदौर के आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने में मददगार होंगे। फ्लाय–ओवर के प्रारंभ होने से इंदौर के लाखों नागरिकों को सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। फूटी कोठी फ्लाय–ओवर का नाम प्रसिद्ध संत श्री सेवालाल जी महाराज के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के बाद कहा इंदौर का चहुँमुखी विकास और सुरक्षित यातायात हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने इंदौर में 400 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन का कार्य करने की बात भी कही।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

<u>नशे पर कार्रवाई</u>

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कल इंदौर में मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन को पूरी छूट दी गई है।

<u>खनन कान्क्लेव</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी विकसित भारत–2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए राज्य सरकार द्वारा 17–18 अक्टूबर को भोपाल में खनन कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। यह महत्वपूर्ण आयोजन राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। इस कॉन्क्लेव से प्रदेश सरकार राज्य को खनन और

खनिज–आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने के लिये की पहल कर रही है। इससे राज्य में आर्थिक संमृद्धि और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को एक और राष्ट्रीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। पांचवे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 में इंदौर जिला वेस्टर्न जोन में बेस्ट डिस्ट्रिक्ट कैटेगरी में प्रथम स्थान पर रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कल नई दिल्ली में विजेताओं की घोषणा की। इसमें राज्यों की श्रेणी में ओडिशा ने पहला पुरस्कार जीता है, जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। गुजरात और पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महीने की 22 तारीख को नई दिल्ली में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। नौ श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित कुल 38 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इंदौर जिला कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि चौथे नेशनल अवार्ड में इंदौर देशभर में दूसरे स्थान पर रहा था। इस बार इंदौर ने पहले स्थान पर जगह बनाई है। इंदौर में रीचार्ज सॉफ्ट को लेकर हुए इनोवेशन और नहर, नदी और उनके चैनलों की सफाई के कार्यों को सराहना मिली है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम–एनडीआरएफ

कटनी में एन डी आर एफ बनारस की टीम द्वारा कल एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों और विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में आपदा और खतरे के बीच अंतर पर विशेष ध्यान दिया गया। सहायक कमांडेंट एस.ए. सिकंदर ने आकाशवाणी को इस प्रशिक्षण के बारे में बताया कि ..

इंदौर सोलर

पश्चिम मध्यप्रदेश में 19,750 स्थानों, छतों, परिसरों से रूफ टॉप सोलर नेट मीटर के तहत सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, यह संख्या अक्टूबर अंत तक 20 हजार के पार हो जाएगी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना लागू होने के बाद बहुत तेजी से बिजली उपभोक्ताओं का रूझान इस ओर रहा, यही कारण हैं कि फरवरी से अक्टूबर दूसरे सप्ताह के बीच करीब नौ हजार बिजली उपभोक्ता इससे जुड़ चुके हैं। इंदौर महानगर क्षेत्र में करीब 11, 400 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है, इसकी कुल क्षमता 100 मैगावाट के पार हैं। दूसरे स्थान पर उज्जैन तीसरे स्थान पर देवास जिला है। उन्होंने बताया कि केंद्र शासन तीन किलो वॉट तक के सोलर पैनल्स पर अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी दे रही हैं।

विश्व मानक दिवस

विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल शाखा द्वारा कल 'मानक महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसमें 300 से अधिक छात्र एवं अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में गुणवत्ता और मानकों के महत्व को उजागर करना था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अनिवार्य हैं।

प्रेस टूर–पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय, भोपाल द्वारा प्रेस टूर का आयोजन किया गया है। इसके तहत मध्य प्रदेश के पत्रकारों का दल लखनऊ–अयोध्या के दौरे पर कल लखनऊ पहुंचा। प्रेस टूर के दूसरे दिन आज पत्रकार दल उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल से सौजन्य भेंट करेगा। मीडिया दल रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत आनेवाले रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) का भ्रमण करेगा।

महिला–टी–20 पाकिस्तान–न्यूजीलैंड

आईसीसी महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप से भारतीय टीम बाहर हो गई है। भारत दो जीत और दो हार के साथ चार अंक प्राप्त करके ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रहा। इस ग्रूप से न्यूजीलैंड और

ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। कल रात दुबई में पाकिस्तान को 54 रन से हराकर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर एयरपोर्ट पर हिंदू आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा नारी शक्ति के सम्मान पर आधारित आठ पुस्तकों का विमोचन किया।
- इंदौर के शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय आयुष विभाग के प्रोजेक्ट "स्तन कैंसर जागरूकता एवं शीघ्र निदान" के अंतर्गत आज और कल निःशुल्क शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में महिलाओं को दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा।
- जीवाजी विश्वविद्यालय और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज ग्वालियर में आयोजित होगा। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे।
- प्राकृतिक सौंदर्य के बीच रोमांचक और साहसिक अनुभव का संगम "गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट" के तीसरे संस्करण की शुरुआत मंदसौर में हुई। पर्यटक 07808780899 पर संपर्क कर बुकिंग संबंधी डिटेल्स जान सकते है।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की जा रही है।

....................................